आभा कार्ड से जुड़ी हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री, अभी तक राज्य में बन चुके 1.63 करोड़ आभा कार्ड

मंत्री आरती राव बोली, स्वास्थ्य देखभाल प्रक्रियाओं के डिजीटलीकरण को बढ़ावा देना मुख्य उद्देश्य

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री को चंडीगढ़ में अधिकारियों द्वारा उनका आभा कार्ड सौंपा गया।

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 16 जून : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन को आगे बढ़ाने के लिए हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने आज अपना और स्टॉफ का आभा कार्ड बनवाया। इस दौरान उन्होंने आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन के कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन (एबीडीएम) एक परिवर्तनकारी पहल है। जिसका उद्देश्य एक सहज और अंतर संचालन (इंटरऑपरेबल) योग्य डिजीटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाकर भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को डिजीटल बनाना है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल प्रक्रियाओं के डिजीटलीकरण को बढ़ावा देना और अंतर-संचालनीय डिजीटल स्वास्थ्य प्रणालियों का उपयोग करके विभिन्न हितधारकों के बीच निर्बाध डाटा साझाकरण को सक्षम बनाना है।

योजना की मुख्य विशेषता डिजीटल सार्वजनिक वस्तुओं का लाभ उठाना

योजना की मुख्य विशेषताएं डिजीटल सार्वजनिक वस्तुओं का लाभ उठाना है। यह योजना कड़े डाटा सुरक्षा उपायों के साथ बनाई गई है। रोगी का डाटा केवल स्पष्ट सहमति से साझा किया जाता है। स्वास्थ्य डाटा स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के पास रहता है। एबीडीएम संवेदनशील स्वास्थ्य डाटा को केंद्रीकृत रूप में संग्रहीत करने के बजाय सुरक्षित आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करता है। कुछ डाटा (आभा, एचपीआर, एचएफआर) को अंतर संचालनीयता और विश्वास के लिए केंद्रीय रूप से संग्रहीत किया जाता है। मरीज अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को अपनी आभा (आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता) आईडी से लिंक कर सकता है। वह अपनी सहमति से डिजीटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड को सुरक्षित रूप से संग्रहीत, एक्सेस और साझा कर सकता है। हरियाणा में संचालन के लिए एबीडीएम टीम जागरूकता पैदा करने और आभा आईडी बनाने की सुविधा के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है।

एमडी आयुष्मान संगीता तेतरवाल के नेतृत्व में चलाया जा रहा कार्यक्रम

उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन राज्य मिशन निदेशक संगीता तेतरवाल के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन के संयुक्त निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) कैलाश सोनी ने आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आभा कार्ड बनाने के लाभ बताए और इस मिशन के प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से भिन्न होने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने 100 माइक्रोसाइट प्रोजेक्ट के बारे में भी विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा में अब तक 1.63 करोड़ से अधिक आभा कार्ड बनाए जा चुके हैं। सीएचसी मुलाना को आभा कार्ड धारकों के लिए प्रदेश का पहला आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्र बनाया गया है, जो पूरी तरह कार्यात्मक है। यहां मरीज ऑनलाइन पंजीकरण कराकर इलाज करा सकते हैं। सीएचसी मुलाना में मरीजों को पंजीकरण के लिए लाइनों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं है। जल्द ही यह योजना राज्य के सभी 22 जिलों में प्रति स्वास्थ्य संस्थान 02 स्वास्थ्य केंद्रों यानि कुल 44 स्वास्थ्य संस्थानों में लागू की जाएगी। स्वास्थ्य संस्थानों के डिजीटलीकरण के क्षेत्र में यह एक नई और परिवर्तनकारी पहल साबित होगी। बैठक में तकनीकी टीम के सदस्य आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन के परियोजना प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) डार्विन अरोड़ा और एचएमआईएस प्रबंधक उमेश सैनी भी मौजूद रहे।

अपराधियों के सामने घुटने टेकती दिख रही है प्रदेश की भाजपा सरकार : कुमारी सैलजा

- गैंगस्टर्स की धमकी के चलते 12 जिलों में 300 ठेकों की बोली के लिए आगे नहीं आ रहे ठेकेदार

कुमारी सैलजा

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 16 जून : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है, लोग दहशत में है, हर वर्ग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है, गैंगस्टर सरेआम फायरिंग कर दहशत फैला रहे है, ऐसा लग रहा है कि सरकार ने अपराधियों के सामने घुटने टेक दिए है। हालात ये है कि 12 जिलों में 300 शराब की बोली गैंगस्टर्स की धमकी के चलते नहीं हो पा रही है, धमकी के चलते कोई भी शराब कारोबारी बोली लगाने के लिए आगे नहीं आ रहा है। दूसरी ओर बढ़ते अपराध की जड़ में नशा एक प्रमुख कारण है जिसे खत्म करने दिशा में केवल सरकार बयानबाजी तक सीमित है, गली गली में नशा बिक रहा है जिससे साफ लगता है कि प्रदेश की पुलिस कितनी चौकस है।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि शराब कारोबारी इस मामले में मुख्यमंत्री और डीजीपी से भी मिल चुके है उन्हें सुरक्षा का पूर्ण आश्वासन दिया हुआ है पर शायद शराब कारोबारियों को सरकार के इन आश्वासनों पर विश्वास ही नही है जिसके चलते इन 300 शराब ठेकों की बोली नहीं हो पा रही है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में अपराध की जड़ नशा है, सरकार नशा रोकने की दिशा में सख्त कदम नहीं उठा रहर है, नशा तस्करों को पकड़ा जा रहा है नशीले पदार्थ भी बरामद किए जा रहे है फिर भी नशा गली गली बिकना सरकार की विफलता को दशार्ता है।

11 साल में टोल फ्री नंबर पर मिली सभी 76826 शिकायतों का हुआ निपटान : राजेश नागर

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 16 जून : हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की एक बड़ी उपलब्धि है कि विभाग ने पिछले 11 सालों में प्रदेश के उपभोक्ता सहायता केंद्र में आई सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत समाधान कर दिया गया है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने बताया कि राज्य उपभोक्ता सहायता केंद्र में हेल्पलाइन नंबर पर वर्ष 2014 से फरवरी 2025 तक कुल 76826 शिकायतें प्राप्त हुई। सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत समाधान कर दिया गया है। राज्य उपभोक्ता सहायता केंद्र तत्परता से प्रदेश के आमजन की समस्याओं के समाधान में जुटा हुआ है। प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश के उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की शिकायतों के निवारण और समाधान करने के लिए राज्य उपभोक्ता सहायता केंद्र सभी कार्य दिवसों पर सुबह 09 बजे से शाम 05 बजे तक कार्यरत हैं। विभाग द्वारा हरियाणा राज्य में उपभोक्ता शिकायतें सुलझाने के लिए राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन संचालित है। उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधानों के बारे में मार्गदर्शन दिया जाता है। इसके लिए टोल फ्री नंबर 1800-180-2087, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए नंबर 1967, एक राष्ट्र-एक राशन कार्ड के लिए नंबर 1800-180-2045 और एक राष्ट्र एक राशन कार्ड प्रवासी मजदूर के लिए टोल फ्री नंबर 14445 है।

किसानों को फसलों का उचित दाम और सम्मान मोदी सरकार में ही मिला : मोहन लाल बड़ौली

कहा, गरीब लोगों के लिए फ्री राशन से लेकर फ्री इलाज की व्यवस्था मोदी सरकार ने की

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सोनीपत में खानपुर मंडल, नेताजी सुभाष मंडल और जिला कोर कमेटी की बैठक में हुए शामिल

सवेरा ब्यूरो/योगेश सूद

चंडीगढ़/सोनीपत, 16 जून : संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली सोमवार को सोनीपत में खानपुर मंडल के गांव कांसड़ा और नेताजी सुभाष मंडल में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। बड़ौली ने सभी कार्यक्रमों में मोदी सरकार की 11 सालों की उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताया। वहीं उन्होंने सोनीपत जिला कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता भी की। बैठक में उन्होंने सरकार द्वारा संचालित अभियानों और विकास कार्यों की समीक्षा की और आगामी कार्ययोजना की रूपरेखा तय की। बड़ौली ने सभी कार्यकताओं से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान भी किया। मोदी सरकार की 11 सालों की उपलब्धियां बताते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि किसानों को फसलों का उचित दाम और सम्मान मोदी सरकार ने ही दिया। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों के लिए फ्री राशन से लेकर उनके फ्री इलाज की व्यवस्था भी मोदी सरकार ने की है। मोदी सरकार हर वर्ग का कल्याण समान भाव से कल्याण करने वाली सरकार है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्ल के संकल्प के साथ भारत ने बीते 11 वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। इन 11 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को पूरी मजबूती से साकार किया है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को 2014 से पहले की कांग्रेस सरकार का शासन खूब अच्छी तरह से याद है। कांग्रेस शासन में सरकारी योजनाओं के पैसे बिचौलियों की भेंट चढ़ जाते थे। कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की राजनीति ही सामने आती थी।

बड़ौली ने कहा कि 2014 के बाद पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। मोदी सरकार में विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं। सरकारी योजनाओं के पैसे डायरेक्ट बेनीफिट के माध्यम से सीधे जनता के अकाउंट में पैसे पहुँच रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेत्त्व में भारत सशक्त और मजबूत हुआ है। भारतीय सेनाएं आतंकवादियों को उनके घर में मार रही है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंकियों को ठिकानों को ध्वस्त किया और दुनिया को बता दिया कि भारत की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। बड़ौली ने कहा कि आज देश की 140 करोड़ जनता पीएम मोदी के निर्णय के साथ है। नायब सरकार की प्रशंसा करते हुए बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार जनहित में योजनाएं बनाकर लोगों के जीवन को सरल बना रहे हैं।

हरियाणा में हुए पंचायत उपचुनाव में 73.25 प्रतिशत रहा मतदान : धनपत सिंह

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 16 जून : बीती 15 जून को पंचायतों के उपचुनाव व कुछ पंचायतें जो नगरपालिका से पुनः पंचायत बनी हैं, के आम चुनाव को संपन्न करवाने के बाद अब राज्य चुनाव आयोग के पास किसी भी पंचायत का चुनाव लंबित नहीं है। कालांवाली, सिरसा के लिए आम चुनाव के लिए मतदान 29 जून को होना है। उसके लिए आज नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि थी। मतदान गणना 30 जून को होगी। साथ ही किसी भी स्थानीय निकाय के लिए होने वाले चुनाव आयोग के पास लंबित नहीं है। कालांवाली नगरपालिका में 17 वार्डों के लिए चुनाव होना है। धनपत सिंह 15 जून को हुए पंचायतों के हुए उपचुनाव के बाद अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उपचुनाव का प्रतिशत गर्मी के बावजूद भी 73.25 प्रतिशत रहा, जो दर्शाता है कि लोगों की पंचायती चुनाव में काफी दिलचस्पी है। कोर्ट स्टे को छोड़कर किन्हीं कारणों से जैसा कि चयनित जनप्रतिनिधि द्वारा स्वेच्छा से त्याग पत्र देना, मृत्यु हो जाना या किसी जनप्रतिनिधि के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के कारण सीट रिक्त हो जाती है तो उस स्थिति में आयोग को 6 महीने के अंदर-अंदर पुनः चुनाव करवाना अनिवार्य होता है।

कुल मिलाकर पंचायत स्तर पर पंचों की 830 सीट के लिए हो चुके उपचुनाव

उन्होंने बताया कि कुल मिलाकर पंचायत स्तर पर पंचों की 830, सरपंचों की 74, पंचायत समिति सदस्यों की 17 और जिला परिषद सदस्य की 01 सीट के लिए उपचुनाव निर्धारित किए गए थे। इनमें से पंचों व सरपंचों के पदों पर कई उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। अब चरखी दादरी की बाढ़डा खंड की ग्राम पंचायत हंसावास खुर्द और बाढ़डा व झज्जर के बादली खंड की ग्राम पंचायत बादली व मुहम्मदपुरा माजरा और फैजाबाद ग्राम पचांयतों के पंचों व सरपंचों के आम चुनाव के साथ-साथ 56 पंचों, 61 सरपंचों, पंचायत समिति सदस्यों के 08 सदस्यों और जिला परिषद सदस्य की 01 सीट के लिए चुनाव 15 जून को सुबह 08 बजे से शाम 06 बजे तक करवाए गए। मतदान में ईवीएम का प्रयोग किया गया। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला। फतेहाबाद की तमसपुरा पंचायत के सरपंच, करनाल की घरौंदा ब्लॉक समिति के वार्ड नंबर 12 के सदस्य, नूह की दुबालु, करहेड़ा, अंधाकि, बधह, डुंगजा पंचायत के सरपंच व कोटला के पंच व अहार के सरपंच के लिए चुनाव न्यायलय में स्टे होने के कारण नहीं करवाए गए।

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लि.
पंजीकृत कार्यालयः 501, सैलकॉन औरम, जसोला डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नई दिल्ली– 110025
CIN : U65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी विभिन्न मांगों और सूचनाओं, जिसमें बैंक द्वारा जारी व्यक्तिगत सूचनाएं भी शामिल हैं, के बावजूद उनके द्वारा बैंक से लिए गोल्ड लोन का समायोजन नहीं किया गया है। सभी उधारकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक के पास सुरक्षा के रूप में रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार जिस शाखा से ऋण लिया गया था, उसी शाखा परिसर में सुबह 11:00 बजे का समय निर्धारित किया गया है। सभी, जिसमें उधारकर्ताओं, खाताधारकों और आम जनता शामिल हैं, नीलामी की शर्तों और नियमों के अनुसार इस नीलामी में भाग ले सकते है।

नीलामी की तारीख 26.06.2025 को सुबह 11:00 बजे है।

क.सं.	शाखा	खाता संख्या	खाताधारक का नाम
1	इंदिरापुरम	101942520932	दीनकर गुप्ता
2	इंदिरापुरम	101942518601	राहुल.
3	इंदिरापुरम	101942519356	राहुल.

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी से किसी भी खाते को हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लि.

सभी 90 हलकों में जाकर युवाओं को जेजेपी के साथ जोड़ेंगे दिग्विजय चौटाला

- 18 जून से युवा जोड़ो अभियान शुरू करेंगे दिग्विजय चौटाला

दिग्विजय चौटाला

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 16 जून : युवाओं को जननायक जनता पार्टी से जोड़ने के लिए जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला प्रदेशभर का दौरा करेंगे। दिग्विजय चौटाला सभी 22 जिलों और 90 विधानसभा क्षेत्रों में युवा जोड़ो अभियान कार्यक्रम करेंगे। दिग्विजय 18 जून को कैथल से इस बड़े अभियान का शुभारंभ करेंगे। जेजेपी युवा अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला 21 जून को अंबाला और 22 जून को पानीपत में यह कार्यक्रम करेंगे। अभियान के तहत दिग्विजय चौटाला प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जाएंगे और 31 जुलाई तक चलने वाले पार्टी सदस्यता अभियान के तहत युवाओं को ज्वाइन करवाकर उन्हें जेजेपी की सदस्यता ग्रहण करवाएंगे।

इस दौरान वे प्रदेश के युवाओं और जेजेपी कार्यकताओं से प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक हालात, भाजपा सरकार की कमियों और भविष्य की रणनीति पर चर्चा करेंगे। साथ ही पिछली गठबंधन सरकार के दौरान जेजेपी के प्रयासों से हुई विकास कार्यों के बारे में लोगों को अवगत करवाएँगे।

अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं की त्वरित उपलब्धता के लिए हेल्पलाइन 104 का आमजन को मिलने लगा लाभ

'हेल्पलाइन 104' पर मिली 409 शिकायतें, 65 सीधे डॉक्टरों के बर्ताव से जुड़ी, सफाई व्यवस्था के भी हाल-बेहाल

प्रदेश में चल रही 567 एंबुलेंसों चालकों और ईएमटी पर बढ़ी निगरानी, कॉलिंग के जरिए रहेगी नजर

सवेरा ब्यूरो/नवनीत शर्मा

चंडीगढ़, 16 जून : प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में आमजन की सुविधा के लिए शुरू की गई हेल्पलाइन 104 के नतीजे आने लगे हैं। एनएचएम (राष्ट्रीय हेल्थ मिशन) को अभी तक हेल्पलाइन 104 के जरिए कुल 409 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 337 का विभाग समय रहते निपटान कर चुका है जबकि 72 पर जांच चल रही है। इनमें से अधिकतर शिकायतें प्रदेश के अस्पतालों की सफाई व्यवस्था से जुड़ी हैं। खास बात यह है कि इन शिकायतों के अलावा 65 वे शिकायतें हैं, जो सीधे तौर पर डॉक्टरों के बर्ताव से जुड़ी हैं। किसी ने डॉक्टर पर सही तरीके से बात न करने का आरोप लगाया है तो कहीं डॉक्टर की गैरमौजूदगी को लेकर अपनी बात रखी है। एनएचएम की टीम द्वारा एक शिकायत को डीजीएचएस के पास कार्रवाई के लिए भेजा गया है। जो सोनीपत से जुड़ी हैं और उसमें डॉक्टर व स्टॉफ नर्स पर डिलीवरी के दौरान गलत बर्ताव करने का आरोप है। करनाल, नूह और गुरुग्राम से डॉक्टरों के खिलाफ अधिक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

सभी शिकायतों का रखा जाएगा रिकॉर्ड

नोडल अधिकारी डॉ. यादविंद्र सिंह का कहना है कि केंद्र सरकार की इस योजना को हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने उद्घाटन करके अमलीजामा पहनाया गया है। एनएचएम हरियाणा ने हेल्पलाइन को शुरू करने से पहले सभी जरूरी इंतजाम पूरे कर लिए थे। पंचकूला में कॉल सेंटर भी बनाया गया है। जहां कॉल सेंटर पर बैठे सीट एजेंट द्वारा सभी कॉल्स को रिसीव किया जा रहा है। इसके लिए एजेंटों को ट्रेनिंग भी मुहैया करवाई गई है। एजेंट संबंधित कॉल का न केवल रोगी या तिमारदार को रिस्पांस देते हैं बल्कि उससे जुड़ी दिक्कतों को भी दूर करने का भी प्रयास करते हैं। हेल्पलाइन के साथ एनएचएम और डीजीएचएस ऑफिस द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में चलाए जा रहे सभी कार्यक्रमों को शामिल किया जाएगा ताकि किसी भी रोगी से जुड़ी हर समस्या को दूर किया जा सके।

इन जिलों से पहुंची इतनी शिकायतें

अभी तक करीब 409 शिकायतें मिली हैं। जिनमें अंबाला से 11, भिवानी से 16, चरखी दादरी से 10, फरीदाबाद से 19, फतेहाबाद से 09, गुरुग्राम से 30, हिसार से 28, झज्जर से 26, जींद से 14, कैथल से 10, करनाल से 28, कुरुक्षेत्र से 12, महेंद्रगढ़ से 23, नूह से 21, पलवल से 21, पंचकूला से 23, पानीपत से 22, रेवाड़ी से 21, रोहतक से 11ख्र सिरसा से 14, सोनीपत से 24 और यमुनानगर से 23 शिकायतें शामिल हैं।

आरती सिंह राव।

एनएचएम द्वारा शुरू की गई हेल्पलाइन 104 का लोगों को लाभ मिल रहा है। यह हेल्पलाइन आमजन की सुविधा के लिए ही शुरू की गई है। शिकायतें मिलने के बाद उनका समय रहते जिलास्तर पर नोडल अधिकारियों के जरिए समाधान कर दिया जाता है। इस प्रणाली से स्वास्थ्य सेवाओं में मजबूती आई है। इस कड़ी को अधिक मजबूत करने के लिए एंबुलेंस चालकों को भी रेंडम कॉल करके वास्तुस्थिति जानी जाती है ताकि रोगियों को किसी तरह की दिक्कत न हो। इस कार्य में कोताही बरतने वालों पर सख्ती भी की जाएगी।

आरती सिंह राव,
स्वास्थ्य मंत्री, हरियाणा।

अब नपेंगे फोन कॉल पर गलत जानकारी देने वाले एंबुलेंस ड्राइवर और ईएमटी

प्रदेश में 567 एंबुलेंस चल रही हैं। एनएचएम को अधिकतर शिकायतें मिल रही हैं कि एंबुलेंस पर रोस्टर के मुताबिक ड्राइवर और ईएमटी काम नहीं कर रहे हैं। बाकायदा एक-दूसरे के स्थान पर डयूटी करते हैं या कुछ समय के लिए गायब रहते हैं। लिहाजा अब इस पर नकेल कसने के लिए एनएचएम ने कॉलिंग सिस्टम शुरू किया है। बाकायदा एक टीम भी तैयार की गई है। जो दिनभर प्रदेश के सभी जिलों के एंबुलेंस चालकों को उनके एमडीटी नंबरों पर कॉल करके असलियत का पता लगाएगी। अगर इस दौरान कोई एंबुलेंस चालका झूठ बोलेगा तो उसे आने वाले दिनों में अपनी नौकरी से भी हाथ धोने पड़ सकते हैं।